देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 248 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 7 जनवरी 2022

**विचार-प्रवाह...**भरोसेमंद जांच कराने की मांग





मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0° | 39243.39

2 महामारी विशेषज्ञ ने चेतावनी दी

7 रिषभ पंत ने की बेवकूफी, बहादुरी नहीं

# 24 घंटे में 90 हजार से ज्यादा नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में बीते 24 घंटे में कोरोना के रिकार्ड मामले सामने आए हैं। बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना के लगभग 91 हजार नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान 325 लोगों की कोरोना से मौत भी हुई है। वहीं, 19,206 मरीज रिकवर हुए हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 90,928 नए मामले आए। इसके साथ ही कोरोना के कुल मामले बढ़कर 3,51,09,286 हो गए हैं। वहीं, सक्रिय मामले बढ़कर 2,85,401 हो गए हैं। इसके अलावा कुल मृतकों की संख्या बढ़कर 4,82,876 हो गई है।

देश में लगभग 200 दिन बाद कोरोना के इतने नए मामले सामने आए हैं। इससे पहले 10 जून को 92,291 नए मामले सामने आए थे। वहीं, मंगलवार को कोरोना के 58 हजार से ज्यादा मामले सामने आए थे।

**148 करोड़ के पार पहुंचा वैक्सीनेशन का आंकड़ाः** वहीं, देश में वैक्सीनेशन का आंकड़ा 148 करोड़ के पार हो गया है। कोविन एप के मुताबिक, देश में कोरोना की लगभग 148 करोड़ 71 लाख खुराक दी जा चुकी है। 86 करोड़ 78 लाख से ज्यादा पहली खुराक जबकि लगभग 62 करोड़ दूसरी डोज दी गई है। वहीं, अब तक लगभग डेढ़ करोड़ किशोरों को वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वैक्सीन की 153.90 करोड़ से ज्यादा डोज उपलब्ध कराई गई है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास अभी वैक्सीन की 18.43 करोड़ से ज्यादा डोज उपलब्ध हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोरोना की स्थिति की जानकारी देते हुए कहा, अंतरराज्यीय सीमा की आवाजाही के लिए आरटी-पीसीआर अनिवार्य है। अगले 15 दिन काफी महत्वपूर्ण हैं। पाबंदियां बढाएंगे।

**इटली से पंजाब पहुंचे विमान में 125 यात्री मिले संक्रमितः** इटली के मिलान से अमृतसर पहुंची एक चार्टर्ड फ्लाइट में 179 यात्री थे। इनमें से 160 लोगों का टेस्ट किया गया और 125 लोग कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं। कुछ लोगों को यही क्वारंटाइन किया गया है। बाकि मरीजों को उनके जिलों में क्वारंटाइन किया जाएगा, जिसके लिए टीम काम कर रही है। अमृतसर एयरपोर्ट के निदेशक वीके सेठ ने यह जानकारी दी है।

## ओमिक्रोन वैरिएंट के एक दिन में सर्वाधिक 495 मामले सामने आए

**ओमिक्रोन के मामले 2600 के पार**

कोरोना वायरस के वैरिएंट ओमिक्रोन के मामले भी तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ओमिक्रोन के मामले बढ़कर अब 2,630 हो गए हैं। इसके अलावा 995 मरीज रिकवर भी हो चुके हैं। महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के सबसे ज्यादा मामले हैं। महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के 797 जबकि देश की राजधानी दिल्ली में इसके कुल मामले 465 हो गए हैं।



**ओमिक्रोन के एक दिन में 495 मामले सामने आए**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत में गुरुवार को ओमिक्रोन वैरिएंट के एक दिन में सर्वाधिक 495 मामले सामने आए। देश में नए वैरिएंट के कुल मामले 2,630 हो गए हैं। महाराष्ट्र में इसके सबसे अधिक 797 मामले हैं। इसके बाद दिल्ली में 465, राजस्थान में 236, केरल में 234, कर्नाटक में 226, गुजरात में 204 और तमिलनाडु में 121 मामले हैं।

### कोरोना संक्रमित डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों से मिले स्वास्थ्य मंत्री

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने एम्स दिल्ली कोरोना संक्रमित डाक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों से मुलाकात की। इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, कोविड मरीजों की सेवा करते हुए हमारे कई डॉक्टर और हेल्थ वर्कर्स भी कोविड से ग्रस्त हुए हैं। मैंने आज यहां एम्स में कोविड से ग्रस्त डाक्टरों और हेल्थ वर्कर्स से मुलाकात की। उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि वे कोरोना को लेकर सावधानी का पालन करें, क्योंकि देश में मामले बढ़ रहे हैं। एम्स निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया ने कहा कि घबराएं नहीं यह हल्का संक्रमण है, लेकिन सतर्क रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### बुल्ली बाई ऐप केस में बीटेक का छात्र निकला मुख्य आरोपित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बुल्ली बाई ऐप प्रकरण में दिल्ली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की आईएफएसओ टीम ने मुख्य आरोपित को अपने शिकंजे में ले लिया है। आईएफएसओ टीम ने मुख्य आरोपित को असम से गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस की टीम उसे अब दिल्ली लेकर आ रही है। डीसीपी (आईएफएसओ) केपीएस मल्होत्रा ने इसकी जानकारी दी है।

### सिविल सेवा परीक्षा स्थगित करने की याचिका खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। यूपीएससी की तरफ से सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2021 का आयोजन निर्धारित शेड्यूल के अनुसार ही होगा। देश भर में कोरोना के बढ़ते मामलों की परिस्थितियों को देखते हुए परीक्षा के स्थगित होने की मांग उठ रही थी। कोर्ट ने परीक्षा को स्थगित करने की याचिका को खारिज कर दिया है।

# पीएम की जान को कोई खतरा नहीं था

## अफवाह न फैलाएं भाजपा और केंद्रीय मंत्रीः चन्नी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पंजाब। पंजाब के सीएम चरणजीत चन्नी ने गुरुवार को फिर दोहराया कि पांच जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा और केंद्र सरकार कोई अफवाह न फैलाएं। पंजाब में पीएम की जान को कोई खतरा नहीं था। मैंने पीएम से बात करने का अनुरोध किया है। वे मेरे सम्माननीय हैं और मैं उनकी लंबी उम्र की दुआ करता हूं। पंजाब पुलिस की इसमें कोई गलती नहीं थी। एक छोटी बात का बतगंड़ बनाया जा रहा है। वहीं गुरुवार को सोनिया गांधी ने भी सीएम चन्नी इस मामले पर बात की।

चन्नी ने कहा कि फिरोजपुर रैली में 70 हजार कुर्सियां लगवाई गई थीं लेकिन वहां सिर्फ 700 लोग ही आए थे। इसमें मेरी क्या गलती है। चन्नी ने कहा कि पीएम का हुसैनीवाला जाने का कार्यक्रम नहीं था। उनके कार्यक्रम में अंतिम समय में बदलाव किया गया। हालांकि सीएम चन्नी ने कहा कि दोबारा पीएम आएं तो हम स्वागत करेंगे।

**आया था गृहमंत्री का फोनः** मुख्यमंत्री चन्नी ने बताया कि जब किसानों ने प्रधानमंत्री के काफिले का मार्ग अवरुद्ध किया तो उनके पास केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का फोन आया था। हालांकि चन्नी ने यह भी कहा कि जेपी नड्डा का उन्हें कोई फोन नहीं आया था। अमित शाह ने उन्हें पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और बताया कि प्रधानमंत्री वापस जा रहे हैं। चन्नी ने कहा- 'मैंने अमित शाह जी से कहा कि जो कुछ भी हुआ है, उसकी जांच की जाएगी।' इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्रीय मंत्रालय से उन्हें कल रात 1 बजे भी फोन आया था और प्रधानमंत्री के मार्ग को क्लीयर करने के लिए कहा गया था। चन्नी ने कहा कि रात 3 बजे तक किसानों के बात करके हमने सारे रास्ते क्लीयर करवा दिए थे। इसके लिए हमने प्रदर्शनकारियों को भरोसा दिलाया था कि उनकी मांगें मान ली जाएंगी।

### राष्ट्रपति कोविंद से मिले पीएम मोदी

राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंजाब दौरे के समय सुरक्षा में हुई चूक पर चिंता जाहिर की है। पीएम मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन में हुई मुलाकात के दौरान पीएम ने राष्ट्रपति को पंजाब में हुई घटना की पूरी जानकारी दी।

# ग्रीन एनर्जी कारिडोर के दूसरे चरण को मिली मंजूरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक में इंट्रा स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम ग्रीन एनर्जी कारिडोर के दूसरे चरण को आज स्वीकृति मिल गई। इस परियोजना पर लगभग 12,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे 10750 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण होगा। दूसरे चरण में सात राज्य गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और राजस्थान में 10750 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण होगा। पहले चरण का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दी है।

साथ ही उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल के बीच महाकाली नदी के ऊपर धारचुला में एक पुल बनाने का निर्णय भी कैबिनेट की बैठक में लिया गया है। इससे संबंधित एमओयू जल्द साइन किया जाएगा। इससे उत्तराखंड में रहने वाले लोगों को लाभ होगा और नेपाल की तरफ रहने वाले लोगों को भी लाभ होगा।

हाल ही में ग्लासगो में COP26 जलवायु सम्मेलन में किए गए भारत की महत्वाकांक्षी उत्सर्जन नियंत्रण प्रतिबद्धताओं, क्षेत्रों में निवेश के लिए बड़े अवसर खुले हैं और सरकार द्वारा समय पर हस्तक्षेप की आवश्यकता है और बिजली, उद्योग और परिवहन जैसे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक क्षेत्रों में बड़े कैपेक्स की आवश्यकता है। रेटिंग एजेंसी आइसीआरए की रिपोर्ट में कहा गया है कि रोडमैप से न केवल कार्बन में कमी, बल्कि ऊर्जा दक्षता और हरित ईंधन में नई प्रौद्योगिकियों के निर्माण से भारत को लाभ होने की उम्मीद है। आइसीआरए ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा, कार्बन कैप्चर तकनीक, ईवी पारिस्थितिकी तंत्र, ऊर्जा दक्षता में सुधार और इथेनॉल सम्मिश्रण जैसे क्षेत्रों में निवेश के अवसर उपलब्ध होंगे।

**निर्णय**

- परियोजना पर 12 हजार करोड़ रुपये होंगे खर्च

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# चुनाव तारीखों के ऐलान से पहले मंथन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ कोविड की स्थिति की समीक्षा की तथा पांच चुनावी राज्यों में सभी पात्र लोगों के टीकाकरण की जरूरत पर जोर दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

आयोग ने एक अन्य बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला के साथ पांच राज्यों- उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर में कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी विचार विमर्श किया।

सूत्रों ने बताया कि कोविड की स्थिति का आकलन करने के लिए हुयी बैठक में स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण के अलावा एम्स के निदेशक रणदीप गुलेरिया और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक बलराम भार्गव ने भी भाग लिया।

सूत्रों ने कहा कि आयोग ने कोविड की स्थिति की व्यापक समीक्षा की और चुनाव प्रचार तथा मतदान के दौरान किए जाने वाले सुरक्षा उपायों के संबंध में चिकित्सा विशेषज्ञों से सुझाव लिए।

**निर्वाचन आयोग ने कानून व्यवस्था व कोविड स्थिति की समीक्षा की**